Name ........................................Roll No........................................ KPSI

# वार्षिक परीक्षा-2023

समय-2.30 घण्टे  कक्षा-VI  पूर्णांक-100

## विषय-हिन्दी

नोट-सभी प्रश्न अनिवार्य है।

**1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक का संदर्भ सहित अर्थ लिखिए।**

(क) लोकगीत अपनी लोच ताजगी और लोकप्रियता में शास्त्रीय और देशी दोनों प्रकार के संगीत से भिन्न है। लोकगीत सीधे जनसामान्य के गीत हैं। घर गाँव और नगर की जनता के गीत हैं ये इनके लिए साधना की आवश्यकता नहीं होती। त्योहारों और विशेष अवसरों पर ये गाये जाते हैं।

(ख) सानायाइमा ने भी खोंगनंग को गौर से देखा। फिर उसने भी घोड़ा दौड़ाया, बहुत तेज। साँस थामे सब चुपचाप देख रहे थे। पेड़ के नजदीक आकर उसने घोड़े को कुदने के लिए एड़ लगायी। दोनों ऊपर कूदे, इतने ऊँचे, कि एक अद्‌भुत छलाँग में वे उस विशाल वृक्ष को पार कर दूसरी ओर पहुंच गये। देखने वाले दंग रह गये।

**2. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।**

(क) मत डर प्रलय- झकोरों से तू,
बढ़ आशा-हलकोरों से तू,
क्षण में अरि-दल मिट जायेगा,
तेरे पंखों से पीस कर।
खग, उड़ते रहना जीवन भर।

(ख) दो दिन दुःख का, दो दिन सुख का, सुख-दुख दोनों संगी जग में,
कभी हास है, कभी अश्रु है, जीवन नवल तरंगी जगमे,
बादल चले गये वे , दो दिन पाहुन जैसे रहकर।।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्न का उत्तर लिखिए।**

(क) भगत सिंह हँसते-हँसते फांसी क्यों चढ़ना चाहते थे?

(ख) लोकगीत किन-किन रागों पर आधारित होते हैं?

(ग) कार्य को बिना पूरा किये हुए छोड़कर लौट आने वाले व्यक्ति को

**P.T.O.**

संसार किस दृष्टि से देखता है?

(घ) बादल की तुलना पाहुन से क्यों की गयी है?

(ङ) ट्रक को देखकर मधुर ने अपनी माँ से बाढ़ पीड़ितों के बारे में क्या कहा?

**4. नीचे लिखे शब्दों के अर्थ लिखिए।**

तसल्ली, आरजू, कामना, एलान, जश्न

**5. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिए।**

पथ, आशा, अरि, आँख

**6. निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए।**

आकाश, धरती, प्रभात, बादल।

7. संज्ञा की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

**8. हिन्दी में अनुवाद कीजिए।**

अद्य विद्यालयस्य वार्षिक-क्रीड़ा-महोत्सवः अस्ति। विद्यालयस्य परिसरे एव क्रीडाक्षेत्रम् अस्ति। अवनीशः उमेशः, गोकुलः, साधन, गीता इत्यादयः बालकाः बालिकाः च हस्तकन्दुकेन निपुणः सन्ति। इदानीं षष्ठकक्षायाः सप्तमकक्षायाः च छात्राणाम् परस्परं क्रीडाप्रतियोगिता प्रचलन्ति।

9. बालक का शब्द रूप और 'पठ्' धातु का लट्लकार (वर्तमान काल) धातुरूप लिखिए।

**10. किसी एक पर निबंध लिखिए।**

(क) हमारा विद्यालय

(ख) विद्यालय परिसर में स्वच्छता।

(ग) गणतंत्र दिवस (26 जनवरी)